नया इंडिया
राजस्थान

# भीलवाड़ा

## कोविड गाइड लाइन से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, तैयारी बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में गुरुवार को आगामी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) एनके राजोरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। राजोरा ने कहा कि गणतन्त्र दिवस कोविड़गाइड लाइन के पालनानुसार मनाया जाएगा। समारोह में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारियां दी गई। 26 जनवरी को स्वतंत्रता सैनानी व उनकी विरांगनाओ को सम्मानित किया जाएगा जिसकी रूपरेखा तैयार की गई। राजोरा ने बताया कि 26 जनवरी को प्रशासन व पत्रकार के बीच मैत्री मैच का आयोजन भी सुखाड़िया स्टेडियम में किया जाएगा। राजोरा ने वहां उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने को कहां। बैठक में समस्त विभागों के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारीगण मोजूद रहे।

## एमजीएच में शुरू हुई डिजीटल एक्सरे सुविधा

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी में डिजीटल एक्सरे की सुविधा शुरू हो गई है। इससे मरीजों को पांच मिनट में एक्सरे रिपोर्ट दी जा रही है जिससे चिकित्सकों को उनका त्वरित उपचार करने में सुविधा मिल रही है। अस्पताला अधीक्षक डॉ. अरुण गोड़ के अनुसार कंप्यूटराइज्ड एक्सरे मशीन से मरीजों का सटीक एक्सरे निकालकर उन्हें पांच मिनट में उपलब्ध करवाया जा रहा है। यही एक्सरे बाजार में करवाने पर मरीजों को 250 से 300 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

# नए साल में बिना मास्क घर से निकले तो भरना पडेगा एक हजार का जुर्माना

पुलिस करेंगी चौराहों व मुख्य मार्गो पर कार्यवाही।



**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**

नए साल में आपकों बिना मास्क घर से बाहर निकलना काफी भारी पड़ेगा। बिना मास्क पकड़े जाने पर पुलिस एक हजार रुपए का चालान काटकर जुर्माना वसूल करेगी। सार्वजनिक स्थानों पर फिजिकल डिस्टेंस को लेकर भी पुलिस कड़ा रूख अपनाएगी। सुत्रों की माने तो इसे लेकर पुलिस की तैयारियां चल रही है। जल्द ही जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू इस सबंध में आदेश जारी कर सकते है। दरअसल, पिछले एक माह से भीलवाड़ा जिले में लगातार कोरोना के केस सामने आ रहे है। दिसम्बर के शुरू होने से अब तक भीलवाड़ा में 23 कोरोना केस सामने आ चुके है। इनमें दो केस ओमिक्रॉन पॉजीटिव भी निकले है। इसके बावजूद शहर में लोग कोविड गाइड लाइन की पालना बिल्कुल नहीं कर रहे है। शहर के सर्वाधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोग बिना मास्क घूम रहे हैं। यहां दो गज दूरी की पालना भी बिल्कुल नहीं हो पा रही है।

बच्चों को प्रभावित करने वाली कही जा रही तीसरी लहर में बच्चे ही नहीं बड़े और बुजुर्ग भी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं फिर भी बाजार हो या अस्पताल, कहीं भी मास्क नहीं लगाए जा रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग तो दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। इसे देखते हुए अब भीलवाड़ा पुलिस सख्ती बरतने की तैयारियों में है। सुत्रों की माने तो नए साल में 1 जनवरी से बिना मास्क वालों पर कार्यवाही के जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू कल आदेश जारी कर सकते है। इसके बाद यातायात पुलिस के साथ ही विभिन्न थाना पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों में बिना मास्क व कोविड गाइडलाइन की अवहेलना करने वालों पर कार्यवाही करेगी। दो माह पहले कोरोना के एक्टिव केस शुन्य होने के बाद जिले में मास्क व दो गज दूरी की पालना बराबर नहीं हो रही है। सडक़ों पर बिना मास्क लोग गुजर रहे है। दूकानों में बिना मास्क खरीददारों की भीड़ लग रही है। दो गज दूरी की पालना में भी कोताही बरती जा रही है।

सार्वजनिक स्थानों, मॉल्स, सिनेमाघरों, रोडवेज बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, भोजनालयों, चाट पकोड़ी की दूकानों, रेस्टोरेंटस, होटलों सहित कई स्थानों पर बिना मास्क के लोग घूम रहे है। इन स्थानों पर दो गज की दूरी की पालना तो बिल्कुल नहीं हो रही है। निजी बसे तो यात्रियों से ठसाठस होकर सरपट दौड़ रही है। रोड़वेज भी गाइडलाइन के मुताबिक 100 प्रतिशत यात्री भार के साथ बसों का संचालन किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट में आए दिन ज्ञापन देने के लिए आने वाले लोग सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा रहे है। ज्ञापन देने के लिए आने वाले लोग कलेक्ट्रेट परिसर तक में मास्क नहीं लगाते है। सरकारी कार्यालयों में खुद अधिकारी बिना मास्क वार्तालाप करते नजर आते है। 30 नवम्बर को जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम नकाते ने शहर में नगर परिषद व गांवों में विकास अधिकारियों को सडक़ों सहित सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क घूमने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर चालान बनाने के निर्देश दिए थे। निर्देश दिए 30 दिन हो गए लेकिन अब तक बिना मास्क वालों के चालान नहीं बनाए गए। नगर परिषद व विकास अधिकारियों की ढिलाई भी लोगों को लापरवाह करती नजर आ रही है। कोरोना के केस बढने का यह भी सबसे बड़ा कारण बनेगा।

## संगम विवि के छात्र जोशी का दिल्ली गणतंत्र दिवस पर परेड के लिए चयन

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**

26 जनवरी 2022 (गणतंत्र दिवस) को दिल्ली के राजपथ में होने वाली परेड के लिए 5 राज इन्डेप कंपनी भीलवाड़ा के एनसीसी केडेट तथा संगम विश्वविधालय में बीसीए पाठ्यक्रम में अध्ययनरत गोतम जोशी का चयन हुआ है। संगम विश्वविधालय के एनसीसी अधिकारी एएनओ लेफ्टिनेंट राजकुमार जैन ने बताया की गोतम जोशी का सर्वप्रथम यूनिट स्तर पर चयन हुआ। इसके बाद भीलवाड़ा में इंटर ग्रुप कंपटीशन में चयन हुआ,तथा उसके बाद जयपुर में आयोजित 40 दिवसीय विभिन्न प्री आरडीसी शिविर में चयन के बाद



गणतंत्र दिवस परेड शिविर(आरडीसी कैंप) में चयन हुआ है!गोतम जोशी एनसीसी निदेशालय राजस्थान के कॉन्टिजेंट में प्रतिनिधित्व केरेंगे जिसमे पूरे राजाथान के जल,थल वायु के 57 श्रेष्ठ केडेट भाग ले रहे है तथा इन 57 केडेट में 24 आर्मी के केडेट है। एनसीसी उदयपुर ग्रुप से कुल 2 एसडी केडेट का चयन हुआ है जिसमे भीलवाड़ा 5 राज कंपनी से केवल गोतम जोशी का चयन हुआ है जो पूरे भीलवाड़ा के लिए गोरव की बात है। कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना, रजिस्ट्रार प्रो राजीव मेहता, एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल तेजेंद्र शर्मा एनसीसी स्टाफ सुबेदार जसवीर सिंह,सुबेदार शैलेंद्र सिंह ने जोशी के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## फटाफट

### आमजन को भ्रामक खबरें ना मिले : जोशी



**भीलवाड़ा।** सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। जोशी ने जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम नकाते से मुलाकात की। उन्होंने जिला कलक्टर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रही राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों के प्रचार प्रसार को लेकर जानकारी ली। जिला कलक्टर ने जोशी को आमजन तक राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों व विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु सुझाव भी दिए। जोशी ने आमजन को भ्रामक खबरें ना मिले इसके लिए निदेशालय द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध ऑप्शन फैक्ट चेक के बारे में बताया। जिला कलक्टर ने इस प्रकार के ऑप्शन जिले में भी करने का सुझाव दिया। जोशी ने जिले के दौरे के दौरान पत्रकारों से भी वार्ता की। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में जोशी ने प्रचार साहित्य का वितरण, होर्डिंग्स,अधिस्वीकरण के प्रकरणों सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### तीन बजरी के ट्रेक्टरों को एस्कोर्ट करने वाले तीन पकड़े

**भीलवाड़ा।** धुंवाला के पास अवेध बजरी परिवहन करते हुए पुलिस ने तीन ट्रेक्टरों को डिटेन कर उन्हें एस्कॉर्ट कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से अवेध बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए धरपकड़ व कार्यवाही के निर्देश पर वृत्ताधिकारी जहाजपुर के निर्देशन में थानाधिकारी हनुमाननगर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। टीम ने गश्त के दौरान बनास नदी से अवेध बजरी परिवहन करते तीन ट्रेक्टरों को डिटेन किया। इसके बाद खनन विभाग को सूचना दी गई। इसके अलावा ट्रेक्टरों को एस्कॉर्ट कर रहे कालू पुत्र किशन लाल मीणा निवासी अंबेडकर कॉलोनी उंचा थाना हनुमान नगर, शिवराज पुत्र लादूराम मीणा निवासी बोरड़ा गणेश थाना देवली जिला टोंक और अजय पुत्र सतीश मीणा निवासी बोरड़ा गणेश थाना देवली जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया।

## जनहित के कार्य कर्मचारी ग्रामीणो को पुछकर करें:राजस्व मंत्री जाट

सुवाणा पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा बिजली विभाग।



**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**

प्रदेश के राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि सरकारी कर्मचारी, अधिकारीगण गांवों में जनहित के कार्य करने से पहले गांव के ग्रामीणों से राय ले, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के कहने पर ही कार्य करें अपनी मर्जी से नहीं करें यह बात मंत्री जाट ने गुरुवार को प्रधान फुलकंवर चुण्डावत की अध्यक्षता में आयोजित सुवाणा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक के दौरान कही। गंगापुर सहाडा विधायक गायत्री त्रिवेदी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण अपने-अपने गांव में शमसान घाट के विकास पर विशेष ध्यान देवें। बैठक के दौरान सबसे ज्यादा बिजली विभाग छाया रहा। कारोई सरपंच ने विभाग द्वारा बुन्द-बुन्द सिचांई के लिये कनेक्शन नही दिये जाने, कोदू कोटा सरपंच ने 06 घण्टे विद्युत सप्लाई देने, आटूण सरपंच ने कृषि लाईन पर अर्थिंग तार नही लगे होने, दांथल सरपंच ने बतखो का खेड़ा ग्राम में घरो के उपर से लाईने हटवाने, पंचायत समिति सदस्य सुवाणा महिपाल सिंह ने दांथल रोड पर विद्युत लाईन को ठीक करने, खेत से लोहे के पोल हटाने, हमीरगढ सरपंच ने राजपूत मोहल्ले से पोल हटाने, पालडी सरपंच ने विद्युत तार हटवाने, सिदडियास सरपंच ने चमारो का खेड़ा में मन्दिर के उपर से विद्युत लाईन हटवाने, जिला परिषद सदस्य नन्दलाल गर्जर ने बिजली के बिलो में राहत प्रदान करनें सहित कई अन्य सदस्यो ने बिजली विभाग के अधिकारियो का घेरा जिस पर मंत्री जाट ने विभाग के अधिकारियो को चेतावनी देते हुए अपने कार्यप्रणाली में सुधार करने के साथ ही गांव के लोगो एवं जनप्रतिनिधियो को विश्वास में लेकर काम करने की बात कही।

## क्रांतिकारी बारहठ परिवार की कलाकृति उकेरी राजपथ पर

**शाहपुर ■ संवाद सूत्र**

देश भर मे अमृत महोत्सव के तहत चंडीगढ़ के एक विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय कला कुंभ में भीलवाड़ा के कलाकार अपनी कला से शहर को गौरान्वित कर रहे है। भारतीय संस्कृति मंत्रालय, और भारतीय रक्षा मंत्रालय के साथ राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय तथा चंडीगढ़ के चित्कारा विश्वविद्यालय द्वारा भारत की सभी चित्रकला शैलियां जिसमे आधुनिक चित्रकला, समसामयिक कला, तथा पारम्परिक कला, फड., कलमकारी, मांडना, पिछवाई, वरली, कांगडा शैली के प्रसिद्ध और ख्यातनाम चित्रकारों द्वारा इस वर्ष 26 जनवरी पर दिल्ली मे होने वाले गणतन्त्र दिवस समारोह पर भारतीय चित्रकला के माध्यम से स्वतन्त्रता सेनानियों को श्रृद्धांजलि विशेष एवं सम्मान दिया जायेगा। इस हेतु इस कला कुंभ में देश भर के विभिन्न राज्यों से तकरीबन 300 चित्रकार , कई विश्वविद्यालयों के कलाकार एकत्र होकर 1450 मीटर लम्बे केनवास पर एक साथ मिलकर अपनी कला उकेर रहे है। इस विशाल लम्बी पेन्टिंग मे देश भर के ऐसे सभी स्वतन्त्रता सेनानियों को चित्रकला श्रृद्धांजलि दी है जिन्होने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया । इसी के तहत भीलवाड़ा के प्रसिद्ध फड़ चित्रकार कल्याण जोशी , केजी कदम 120 लम्बे केनवास पर चित्र उकेर रहे है जिसमें शाहपुरा के स्वतन्त्रता सेनानी ठाकुर केसरी सिंह, एव उनके भाई ठा. जोरावर सिंह के साथ क्रान्तिकारी विजय सिंह पथिक(बिजोलियां) की जीवनी को चित्रात्मक रूप से प्रस्तुत कर रहे है चित्र में ठा. केसरी सिंह द्वारा लिखे गये ३चेतावनी रा चूंगटियाः३ और ठाकुर जोरदार सिंह द्वारा अंग्रेजो पर बम फैंकने के दृश्य को प्रमुखता से चित्रित किया है। कल्याण जोशी ने बताया कि गणतन्त्र के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष मे देश भर में चल रहे अमृत महोत्सव के तहत इस बार दिल्ली के राजपथ पर ये प्रदर्शन अनूठा होगा। आधुनिक चित्रकला के साथ पारम्परिक कला मिश्रण एक नवीन प्रयोग पहली बार एक साथ देखने को मिलेगा।

## सुर्खियां

### आदर्श सोसायटी के निवेशकों व अभिकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा।** आदर्श क्रेडट को. ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के निवेशकों और अभिकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन दिया। सभी ने पोस्टकार्ड अभियान का भी आगाज किया जिसमे 2 करोड़ निवेशकों द्वारा निर्णय लिया गया कि भुगतान नही तो मतदान नही, भारत सरकार से यह कहा गया कि आदर्श को रेगुलेट कर के भुगतान किया जावे। आदर्श की सम्पति 10 हजार 22 करोड़ है और निवेशको को चुकाना 8500 करोड़ ही है। सरकार नींद से जागे ओर निवेशकों का जल्द से जल्द भुगतान कराएं। गरीब आदमी को भुगतान नही होने से किसान ओर गरीब मजदूर वर्ग को आत्महत्या करने की नोबत आ गयी है।

### चिकित्सा परामर्श शिविर एवं काढ़ा वितरण 2 को

**भीलवाड़ा।** माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से निशुल्क पंचगव्य एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श शिविर एवं काढ़ा वितरण का आयोजन 2 जनवरी रविवार को प्रातः 9 से 1 बजे तक माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित गोशालाके प्रांगण में किया जाएगा। संस्थान के प्रचार प्रमुख दिलीप व्यास ने बताया कि शिविर में विशेष रुप से चर्म रोग बालों की समस्या ,बुखार, सर्दी,जुखाम खांसी, दमा, एलर्जी, बीपी, शुगर,पाईल्स,पेट की समस्या आदि का निवारण करने के लिए वैद्य सत्यनारायण न्याती, वैद्य रमेशचंद्र ,वैद्य रेखा द्वारा उपचार तथा परामर्श दिया जाएगा।

### महामंडलेश्वर हंसराम का मनाया 61वां जन्मोत्सव

**भीलवाड़ा।** हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा के वर्तमान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने 30 दिसम्बर गुरुवार को अपने 60 बसंत पूर्ण कर 61वें वर्ष में प्रवेश किया। संत मयाराम ने बताया कि शिष्यों, श्रद्धालुओं, अनुयायियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों द्वारा आश्रम प्रांगण में स्वामी जी का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में स्वामी ने उदासीनचार्य श्रीचंद्र महाराज, अपने सतगुरुओं की समाधिओं, धूणा साहब, चरण पादुका, धर्मध्वजा, दरबार साहब में शीश निवा कर पूजन अर्चन किया।

### 100 तुलसी गमले वितरित

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद की मांडल शाखा ने श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास व सत्कार ग्रुप व रामनाथ बंशीलाल सोडानी चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कथावाचक पुष्प मुरारी बापू के सानिध्य में कस्बे के बाल विनय मन्दिर स्कूल परिसर में भागवत कथा के दौरान 100 तुलसी गमले वितरित किये गए।

## समाचार-आसपास

### 701 किलो का हठीले हनुमान जी को पोष बड़े का लगाया भोग

**भीलवाड़ा।** रेलवे स्टेशन स्थित श्री हठीले हनुमान मंदिर पर पोष बड़ा कार्यक्रम में हनुमान जी को 701 किलो का भोग लगाया गया। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज, हाथीभाटा आश्रम महंत संत दास महाराज, पंडित अशोक व्यास, श्रीराम मंडल सेवा संस्थान के अध्यक्ष शान्ति प्रकाश मोहता के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ। हनुमान जी को शाम 4:15 बजे संतों ने आलू बड़ा, मिर्ची बड़ा, दाल की पकोड़ी का भोग लगाया। उसके बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ। पोष बड़ा का प्रसाद पाने के लिए काफी लंबी कतार रही।

### सुनीता रही प्रथम, कृतिका द्वितीय

**भीलवाड़ा।** अखिल राजस्थान सुवालका संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर परिषद टाउन हॉल में सुवालका महिला सेवा समिति द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समिति की प्रवक्ता ज्योति सुवालका मांडल ने बताया कि वनीता, मीना, एडवोकेट सुनीता, कृतिका, शीला, चंदा, प्रियंका, कोमल सहित अन्य समाज की महिलाओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम स्थान पर एडवोकेट सुनीता सुवालका व द्वितीय स्थान पर कृतिका सुवालका रही। मुख्य अतिथि चंदा पोरवाल पोरवाल हॉस्पिटल थी। समाज के अध्यक्ष लोकेश सुवालका, महिला सेवा समिति की अध्यक्ष नूतन सुवालका व समाज की अनेक महिलाएं व समाजजन उपस्थित रहे।

### गौभक्तों ने चरागाह भूमि के पट्टे देने का किया विरोध

**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार द्वारा चारागाह व गोचर भूमि के पट्टे दिए जाने के निर्णय के विरोध में राजस्थान गोसेवा समिति शाखा भीलवाड़ा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। हरिसेवा धाम से संत मायाराम जी, निम्बार्क आश्रम के महंत मोहनशरण जी, सुरास गोशाला से लाल जी महाराज व गोभक्त अशोक कोठारी, के नेतृत्व में जिले की गोशाला संचालकों व गोभक्तों ने राज्य सरकार के निर्णय का विरोध किया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि सरकार अपने फैसले को वापस ले। ज्ञापन देते समय पीपुल्स फॉर एनीमल के बाबूलाल जाजू, विवेकानंद केंद्र से भगवान सिंह, राजस्थान गोसेवा समिति के अमित काबरा, अनिल सोनी, हेमेन्द्र आदि उपस्थित थे।

### राज्य स्तर पर ओपन बोर्ड 10वीं के परिणामों में पूजा रही अव्वल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। इसके बालिका वर्ग में भीलवाड़ा की बेटी पूजा चौधरी ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा मंत्री डॉ.बीडी कल्ला ने भी पूजा को फोन कर बधाई दी। उसे पहले तो यकीन ही नहीं हुआ। पुराने बापूनगर में रहने वाले कपड़ा व्यवसायी मदन लाल चौधरी की बेटी पूजा ने कुल पूर्णांक 500 में से 422 अंक हासिल किए हैं, जो 84.40 फीसदी है। सबसे बड़ी बात ये है कि हिंदी जैसे कठिन विषय में पूजा को 100 में से 98 नंबर मिले हैं। हाउसवाइफ कमला देवी चौधरी की लाड़ली बेटी पूजा कहती हैं कि उसका सीए बनने का सपना है। इसकी वजह पूछे जाने पर उनका कहना था कि उनका फैमिली बेकग्राउंड बिजनेस का है। भैया भी सीए कर रहे हैं, इसलिए उनका सीए की पढ़ाई करने में इंटरेस्ट है।


**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**

सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com

वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

**शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

| क्रम सं. | नाम और फ़ोलियो नं. | प्रमाण पत्र सं | डिस्टिंक्टिव नं. | इक्विटी शेयरो की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वंदना जैन - 7992 | 21002 | 2080671-2080770 | 100 |

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 30-12-2021
स्थान: नई दिल्ली